This Model Question Paper contains 7 pages. **09H**

# HINDI

## (Second Language)

**Time : 3 Hours, 15 Minutes** **Maximum Marks : 100**

**सूचनाएँ :**

1) प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।

2) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

3) प्रश्नपत्र में छ: भाग हैं ।

---

**भाग - I**

**I.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । **12 x 1 = 12**

**1)** आसमान में चाँद चमकता है ।

(रेखांकित शब्द का तत्सम रुप पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| चंद्र | शशी | कौमुदी |

**2)** लड़की हरदिन पाठशाला जाती है । (क्रियाविशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ।)

**3)** 1977 - हिंदी अक्षरों में लिखिए ।

**4)** चेन्नई ......... राजमहेन्द्री जाते समय सूर्योदय हुआ ।

| | | |
|---|---|---|
| सा | से | सी |

इनमें से सही कारक चिह्न पहचानकर लिखिए ।

**5)** सीता-राम वनवास के समय पंचवटी में थे ।

(वाक्य के आधार पर सही जोड़ी पहचानकर लिखिए ।)

i) सीता-राम - द्वंद्व समास

ii) वनवास - द्विगु समास

**6)** सूर्योदय पूर्व से होता है ।

(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए ।)

7) भाग्य पर विश्वास करनेवाला – (एक शब्द में लिखिए ।)

8) शिवाजी ने शत्रुओं की नींद हराम कर दी ।
(रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| बहुत परेशान करना | जगाना | नींद में सुलाना |

9) मोर जंगल में नाचता है । (लिंग बदलकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए ।)

10) वह गीत गाता है । (वचन बदलकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए ।)

11) सोनू रोटी खाती है । (वाक्य को भविष्यत्काल में बदलकर लिखिए ।)

12) तुम कहाँ जा रहे हैं? (शुद्ध रुप में लिखिए ।)

**भाग – II**

**II.** प्रश्न संख्या **13** से **16** तक दिये गये गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर लिखिए ।

**13)** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर अनुच्छेद में से ही पहचानकर लिखिए । **5 x 1 = 5**

स्त्रियाँ ढ़ोलक की मदद से गाती हैं । अधिकतर उनके गाने के साथ नाच का भी पुट होता है । गुजरात का एक प्रकार का दलीय गायन 'गरबा' है, जिसे विशेष विधि से घेरे में घूम-घूमकर औरतें गाती हैं । साथ ही लड़कियाँ भी बजाती जाती हैं, जो बाजे का काम करती हैं । इसमें नाच-गान साथ-साथ चलते हैं । वस्तुत: यह नाच ही है । सभी प्रांतों में यह लोकप्रिय हो चला है ।

**प्रश्न :**

अ) 'स्त्रियाँ' शब्द का पर्यायवाची शब्द पहचानकर लिखिए ।

आ) वस्तुत: यह नाच ही है । (इस वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानकर लिखिए ।)

इ) स्त्रियाँ ढ़ोलक की मदद से गाती हैं । (इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए ।)

ई) 'अनेक' शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ।

उ) 'ईय' प्रत्यय से बना शब्द पहचानकर लिखिए ।

**14)** निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । **5 x 1 = 5**

मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्‌भुत दृश्य दिखायेंगे ।

सत्य, अहिंसा, त्याग, समर्पण की बगिया महकायेंगे ।

जग के सारे क्लेश मिटाकर, धरती को स्वर्ग बनायेंगे ।

विश्व बंधुत्व का मूल मंत्र हम, दुनिया में सरसायेंगे ।

**प्रश्न :**

अ) भारतवासी किस प्रकार का दृश्य दिखाना चाहते हैं?

A) अलौकिक
B) अद्‌भुत
C) अविश्वसनीय
D) अद्वितीय

आ) भारतवासी दुनिया में किसे सरसायेंगे?

A) देश का मूल मंत्र
B) भाई चारे का मूल मंत्र
C) विश्व बंधुत्व का मूल मंत्र
D) एकता का मूल मंत्र

इ) सत्य, अहिंसा, त्याग, समर्पण की बगिया कौन महकाना चाहता है?

A) चीनवासी
B) रुसवासी
C) भारतवासी
D) इनमें से कोई नहीं

ई) भारतवासी किसे स्वर्ग बनायेंगे?

A) धरती को
B) घर को
C) देश को
D) गाँव को

उ) 'सत्य' शब्द का अर्थ क्या है?

A) सतत्
B) स्वयं
C) सच
D) सब

**15)** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । **5 x 1 = 5**

इस जगह पर मैंने जितने भव्य काव्य का या प्रकृति के ठाट-बाट का अनुभव किया, उतना शायद ही कहीं दूसरी जगह किया हो । पश्चिम की तरफ नज़र फैलाई तो दूर-दूर तक पहाड़ियों की श्रेणियाँ नजर आई । आसमान में बादल घिरे रहने से सूरज की धूप का कहीं नामोनिशान तक न था । बादलों का रंग साँवला होने के कारण गोदावरी के धूलि-धूसरित मटमैले जल की झाँई और भी गहरी हो रही थी ।

**प्रश्न :**

अ) पहाड़ियों की श्रेणियाँ कहाँ नजर आई?

आ) आसमान किससे घिरे थे?

इ) बादल घिरे रहने से किसका नामोनिशान तक न था?

ई) बादलों का रंग कैसा था?

उ) यह अनुच्छेद किस पाठ से दिया गया है?

**16)** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । **5 x 1 = 5**

घर में देखा तो पुरस्कारों और सम्मानों का भंडार पड़ा है । किंतु इसमें भी विशेष था 'हाथीवाला स्मारक' जो उन्हें उनके इंजीनियरिंग की पढ़ाई के समय कॉलेज की ओर से दिया गया है । उनकी शिक्षा-दीक्षा केरल स्थित अलप्पुझा में हुई । यहीं पर उनका जन्म हुआ था ।

**प्रश्न :**

अ) स्मारकों में विशेष स्मारक कौनसा था?

A) ऊँटवाला B) हाथीवाला

C) घोड़ेवाला D) कमलवाला

आ) घर में किसका भंडार पड़ा था?

A) पुरस्कारों का B) पुस्तकों का

C) अनाज का D) ज्ञान का

इ) ''हाथीवाला स्मारक'' उन्हें किनकी ओर से दिया गया?

A) स्कूल की ओर से B) कालेज की ओर से

C) छात्रावास की ओर से D) राष्ट्रपति की ओर से

ई) उनकी शिक्षा-दीक्षा कहाँ पर हुई?

A) अलप्पुझा B) अल्लूरू

C) अमरावती D) अजमेर

उ) अलप्पुझा गाँव किस राज्य में है?

A) कर्नाटक B) केरल

C) महाराष्ट्र D) पंजाब

## भाग - III

**III.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार पंक्तियों में लिखिए । **2 x 4 = 8**

**17)** रैदास के बारे में आप क्या जानते हैं?

**18)** काका कालेलकर का जीवन परिचय दीजिए ।

## भाग - IV

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में लिखिए । **8 x 3 = 24**

**19)** कवि ने मेहनत करने वालों को सदा आगे रखने को क्यों कहा ?

**20)** मीराबाई ने सत्गुरू को खेवटिया क्यों कहा होगा?

**21)** बाबा गंगादास के अनुसार स्वराज्य की प्राप्ती के लिए क्या करना चाहिए?

22) 'बिदेसिया' लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं?

23) अंतरिक्ष यात्री कहाँ से आये थे? उन्होंने क्या चुराया?

24) राजू को उसका पुराना स्कूल कैसा लगता था?

25) चित्रा ने विदेश जाकर क्या किया?

26) अकाल की समस्या के निवारण के लिए राजा ने क्या उपाय सोचे होंगे?

## भाग - V

V. निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।

27) **किसी एक** प्रश्न का उत्तर दस पंक्तियों में लिखिए। **1 x 10 = 10**

अ) वर्षा के समय पेड़-पौधों की हरियाली निखर जाती है। 'बरसते बादल' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

आ) रहीम का साहित्यिक परिचय देते हुए उनके दोहों के भाव स्पष्ट कीजिए।

28) **किसी एक** प्रश्न का उत्तर दस पंक्तियों में लिखिए। **1 x 10 = 10**

अ) हामिद के मन में बुजुर्गों के प्रति प्रेम और आदर की भावना समाई हुई थी। 'ईदगाह' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

आ) हिंदी भारतीयों के साँसों में बसी है। 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**भाग – VI**

**VI.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।

**29)** **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **1 x 8 = 8**

अ) अपने विद्यालय में लगाई गई वैज्ञानिक प्रदर्शनी का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

आ) अपने मोहल्ले में पीने का पानी न आने की शिकायत करते नगर निगम अधिकारी के नाम पत्र लिखिए ।

**30)** **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **1 x 8 = 8**

अ) 'गणतंत्र दिवस' की विशेषताएँ बताते हुए एक निबंध लिखिए ।

**अथवा**

आ) कृत्रिम उपग्रहों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

**SSC Public Examinations - 2023**

**Hindi Model Paper and Blue Print**

**Time : 3h.15min. Maximum Marks : 100**

---

## Section - I ( भाषा की बात )

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 | तत्सम ,तद्भव ( विकल्पों में से सही उत्तर पहचानकर लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 2. | 2. | क्रिया विशेषण (एक शब्द में उत्तर लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 3. | 3. | संख्या - (हिंदी अक्षरों में लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 4. | 4. | कारक चिह्न - विकल्पों में से सही कारक पहचानकर लिखना होगा। | 1 Q | 1M | 1M |
| 5. | 5. | समास - ( निर्देश के अनुसार विकल्पों में से चुन कर लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 6. | 6. | संधिविच्छेद - (निर्देश के अनुसार लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 7. | 7. | अनेक शब्दों के लिए एक शब्द - (वाक्यांश के स्थान पर एक शब्द लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 8. | 8. | मुहावरा - (वाक्य में मुहावरे को पहचानना, मुहावरे का अर्थ लिखना। निर्देश के अनुसार विकल्पों में से लिखना होगा) | 1 Q | 1M | 1M |
| 9. | 9. | लिंग - (सूचना के अनुसार लिंग बदलकर लिखना होगा।) | 1 Q | 1M | 1M |
| 10. | 10. | वचन - (सूचना के अनुसार वचन बदलकर लिखना होगा।) | 1 Q | 1M | 1M |
| 11. | 11. | काल - (निर्देश के अनुसार बदलना होगा।) | 1 Q | 1M | 1M |
| 12. | 12. | शुद्ध रूप ( निर्देश के अनुसार बदलना होगा।) | 1 Q | 1M | 1M |

## Section - II ( अर्थग्राह्यता )

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 13. | 13. | पठित गद्यांश से एक अनुच्छेद दिया जाएगा। उपसर्ग, प्रत्यय, पर्याय, विलोम , संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रियाओं में से कोई 5 अंश देकर पहचानने को कहेंगे। (अ,आ,इ,ई और उ) के प्रश्न होंगे। | 5Q | 1m | 5m |
| 14. | 14. | पठित पद्य भाग से एक पद्यांश दिया जाएगा। (अ,आ,इ,ई और उ) के प्रश्न होंगे। (ये बहु विकल्पीय प्रश्न होंगे।) | 5Q | 1m | 5m |
| 15. | 15. | पठित गद्य भाग से एक गद्यांश दिया जाएगा। (अ,आ,इ,ई और उ) के प्रश्न होंगे।एक-एक वाक्य में उत्तर देना होगा। | 5Q | 1m | 5m |
| 16. | 16. | पठित गद्य भाग से एक गद्यांश दिया जाएगा। (अ,आ,इ,ई और उ) के प्रश्न होंगे। (ये बहु विकल्पीय प्रश्न होंगे।) | 5Q | 1m | 5m |

## Section - III ( अभिव्यक्ति )

| क्र. सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | 17 | पाठ्यपुस्तक के पद्य भाग से किसी एक कवि का जीवन परिचय पूछा जायेगा। | 1Q | 4m | 4m |
| 18 | 18 | पाठ्यपुस्तक के गद्य भाग से किसी एक लेखक का जीवन परिचय पूछा जायेगा। | 1Q | 4m | 4m |

## Section - IV ( अभिव्यक्ति )

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 19,20 | पद्य भाग से दो प्रश्न दिये जायेंगे।तीन-चार वाक्यों में उत्तर देना होगा। | 2Q | 3m | 6m |
| 20 | 21,22,23 | गद्य भाग से तीन प्रश्न दिये जायेंगे।तीन-चार वाक्यों में उत्तर देना होगा। | 3Q | 3M | 9m |
| 21 | 24,25,26 | उपवाचक पाठों से तीन प्रश्न दिये जायेंगे।तीन-चार वाक्यों में उत्तर देना होगा। | 3Q | 3m | 9m |

## Section - V ( अभिव्यक्ति )

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | 27 (अ,आ) | पद्य भाग से दो सारांशात्मक प्रश्न पूछे जायेगे।किसी एक प्रश्न का उत्तर 10 पंक्तियों में देना होगा।<br>(अ और आ) के प्रश्न होंगे। | 1Q | 10M | 10M |
| 23 | 28 (अ ,आ ) | गद्य भाग से दो सारांशात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे।किसी एक प्रश्न का उत्तर 10 पंक्तियों में देना होगा।<br>(अ और आ) के प्रश्न होंगे। | 1Q | 10M | 10M |

## Section - VI ( सृजनात्मक अभिव्यक्ति )

| क्र.सं. | प्रश्न संख्या | प्रश्नवार विश्लेषण | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | 29 (अ,आ) | एक औपचारिक और एक अनौपचारिक पत्र दिये जायेंगे।किसी एक प्रश्न का उत्तर देना होगा। (अ और आ) के प्रश्न होंगे | 1Q | 8M | 8M |
| 25 | 30 (अ ,आ) | दो निबंध दिये जायेंगे।किसी एक प्रश्न का उत्तर देना होगा। (अ और आ) के प्रश्न होंगे | 1Q | 8M | 8M |

## शैक्षिक मापदंड - भार तालिका

| क्र.सं. | शैक्षिक मापदंड | कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | अर्थग्राह्यता | 15M | 15% |
| 2. | अभिव्यक्ति | 52M | 52% |
| 3. | भाषा की बात | 17M | 17% |
| 4. | सृजनात्मकता | 16M | 16% |
| | **कुल** | **100** | **100%** |

## प्रश्नों के स्वरूप के अनुसार भार तालिका

| क्र.सं. | प्रश्न का स्वरूप | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | निबंधात्मक प्रश्न | 4 | 36 |
| 2. | लघु उत्तरात्मक प्रश्न | 6 | 28 |
| 3. | अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न | 8 | 24 |
| 4. | लक्ष्यात्मक प्रश्न | 12 | 12 |
| | **कुल** | **30** | **100** |

# पाठ्य विषयों के आधार पर भार तालिका

| क्र.सं. | | लक्ष्यात्मक प्रश्न | लघु उत्तरात्मक प्रश्न | अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न | निबंधात्मक प्रश्न | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पद्य भाग | 5(1) | 1(5),1(4) | 2(3) | 1(10) | 30 |
| 2. | गद्य भाग | 7(1) | 3(5),1(4) | 3(3) | 1(10) | 45 |
| 3. | उपवाचक | - | - | 3(3) | - | 9 |
| 4. | सृजनात्मकता | - | - | - | 2(8) | 16 |
| | **कुल** | **12** | **6** | **8** | **4** | **100** |